एक नजर में



### वन विभाग ने 30 एकड़ से अधिक भूमि से हटाया अतिक्रमण

**आष्टा.** वन विभाग की टीम द्वारा वर्षा काल में अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटाने की मुहीम प्रारम्भ की गई. इसी बीच बीट नरपाखेड़ी में वर्षों से वन भूमि पर अतिक्रमणकारियों से 20 एकड़ से अधिक वन भूमि को मुक्त कराया गया. वहीं धर्मपुरी बीट के अलग अलग कक्ष में 10 एकड़ से अधिक भूमि मुक्त कर सुरक्षित कराई गई. वन विभाग की टीम ने अतिक्रमण की गई भूमि पर परकॉलेशन पिट्स सीपीटी आदि खोदकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया. इस कार्यावही में परिक्षेत्र सहायक शैलेश सिंह, जितेंद्र ठाकुर, राहुल परमार, राजेश जाटव, हरिओम, देवेंद्र नायक, रंजना भलेकर व सुरक्षा श्रमिकों की भूमिका रही. रेंजर नवनीत झा ने बताया अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सतत जारी रहेगी एवं वन भूमि पर से अवैध अतिक्रमण मुक्त कराते हुए पौधरोपण कार्य किया जाएगा.



### ऑर्गेनिक उत्पादों के सर्टिफिकेशन और ब्रॉडिंग पर जोर

**इछावर.** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने भाऊखेड़ी आजीविका मनरेगा पार्क का निरीक्षण किया. उन्होंने पार्क में संचालित आजीविका आधारित इकाइयों का अवलोकन कर विकसित किए गए मॉडल की सराहना की. कलेक्टर बालागुरू के और स्व सहायता समूह की दीदियों ने मुख्य सचिव को पार्क की अवधारणा, संचालन व्यवस्था, विभागीय अभिसरण, प्रशिक्षण गतिविधियों तथा आजीविका संवर्धन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी. इस दौरान संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा भी उपस्थित थे. एसपी श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव, एसडीएम श्रीमती स्वाति मिश्रा, जनपद सीईओ श्रीमती रूषाली पोरष, एनआरएलएम के डीपीएम दिनेश बर्फा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.



### कल्याण बोर्ड संभाग प्रभारी पर बनने पर किया स्वागत

**सीहोर.** ब्राह्मण समाज के उत्थान एवं संगठनात्मक गतिविधियों को सशक्त बनाने की दिशा में पं.महेश दुबे को परशुराम कल्याण बोर्ड के विष्णु राजोरिया द्वारा बोर्ड का भोपाल संभाग प्रभारी नियुक्त किया गया है. श्री दुबे को ब्राह्मण समाज जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, मनोहर शर्मा, कमलेश कटारे, मोहन दुबे, सुनील शर्मा, प्रवीण तिवारी, यज्ञदत्त शर्मा, हरिओम शर्मा दाऊ, अनिल शर्मा, बॉबी राजोरिया, योगेश उपाध्याय, राजेन्द्र कटारे, त्रिवेणीप्रसाद दुबे, सुनील उपाध्याय, विनय भटेले, सुदीप व्यास, राहुल पाठक, प्रदीप पाठक, राजेश मोहन शर्मा, दिलीप उपाध्याय, प्रदीप शर्मा, संतोष शर्मा, संजय तिवारी, दुर्गा प्रसाद शास्त्री, मनोज व्यास, मनोज शर्मा, दिनेश दुबे, पवन व्यास, कपिल राजोरिया, राकेश शुक्ला, रामबाबु शर्मा, गौरव पंडित, गोलु, मुकेश तिवारी, बाबुलाल बैरागी, विपिन उपाध्याय आदि ने शुभकामनाएं दी.



### संगीत व भक्ति के संगम ने बांधा समां, कलाकारों का सम्मान

**सीहोर.** विश्व संगीत दिवस पर कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में भजन मंडल के सदस्यों का सम्मान किया गया. इस अवसर पर भजन मंडल के कलाकारों ने भगवान के भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं. उपस्थित श्रद्धालु भजनों का आनंद लेते हुए भक्ति भाव में झूम उठे. कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया. इस मौके पर संत ने कहा कि संगीत मानव जीवन को आनंद, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है.



### फादर्स-डे पर पिता की स्मृति में किया पौधरोपण

**श्यामपुर.** रविवार को फादर्स डे के अवसर पर जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा नेअपने पिताजी की स्मृति में पौधरोपण किया. उन्होंने बताया कि मेरे पिताजी के स्वर्गवास के बाद मेरा यह पहला फादर्स डे है और इसीलिए आज मैंने उनकी स्मृति में यहां पहुंचकर पौधरोपण किया है. उन्होंने सभी जिलेवासियों से प्रत्येक खुशी के अवसर पर कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की. उन्होंने कहा कि आज ग्लोबल वार्मिंग के चलते हर साल पृथ्वी का तापमान बढ़ता जा रहा है और बढ़ते प्रदूषण ने स्थिति और भयावह कर दी है. साल में एक पौधारोपण जरूर करना चाहिए. इस अवसर पर सत्यनारायण भाटी, रामेश्वर दयाल माहेश्वरी, देवेंद्र गिरी, विरेन्द्र विश्वकर्मा उपस्थित थे.

# सरकार की मंशा पर लगाया पलीता तो खैर नहीं

## अधिकारियों को केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की दो टूक, सकारात्मक रवैया अपनाएं

- जनकल्याण शिविर में 36 नई सड़कों की दी सौगात
- आवास योजना के हर हितग्राही को मिलेगा योजना का लाभ

नवभारत न्यूज

**सीहोर/ इछावर 21 जून. तहसील मुख्यालय इछावर के आजाद चौक में शनिवार को आयोजित जनकल्याण शिविर में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों को सख्त संदेश देते हुए कहा कि वे सकारात्मक सोच के साथ काम करें और सरकार की जनहितकारी योजनाओं की मंशा पर कोई भी पलीता न लगाए. उन्होंने चेतावनी दी कि पात्र हितग्राहियों के नाम काटने या योजनाओं में अनावश्यक अड़चन पैदा करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. कार्यक्रम में प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा भी मौजूद रहे.**



**इछावर.** शनिवार को आयोजित जनकल्याण शिविर में केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया.

जनकल्याण शिविर को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार गरीब, किसान और जरूरतमंद वर्ग के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है. प्रधानमंत्री आवास योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि इछावर क्षेत्र में लगभग 21 हजार लोगों का सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है. अब इन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है. सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होते ही सभी पात्र कच्चे मकान धारकों को पक्का आवास निर्माण के लिए स्वीकृति और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी.

उन्होंने कहा कि उन्हें लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि पात्र लोगों के नाम भी विभिन्न कारणों का हवाला देकर सूची से बाहर किए जा रहे हैं. यह स्थिति स्वीकार्य नहीं है. प्रत्येक आवेदन की निष्पक्ष जांच होगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी गरीब और पात्र व्यक्ति का अधिकार न छीना जाए. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे संवेदनशीलता के साथ कार्य करें तथा जनता को अनावश्यक परेशान करने के बजाय उनकी समस्याओं का समाधान करें.

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विकास को नई गति देने वाली एक महत्वपूर्ण घोषणा भी की गई. राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा की उपस्थिति में इछावर विधानसभा क्षेत्र के 36 गांवों के लिए 36 नई सड़कों के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए. लंबे समय से मुख्य सड़कों से नहीं जुड़ पाए ग्रामीण क्षेत्रों को इससे बड़ी राहत मिलेगी. नई सड़कें बनने से ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि कार्यों में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा मिलेगा. केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है. सड़क, आवास, पेयजल, सिंचाई और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने हितग्राहियों से भी योजनाओं का लाभ लेने और समस्या होने पर सीधे प्रशासन को

### कांग्रेस ने काफिला रोककर मांगों का सौंपा ज्ञापन

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान के इछावर आगमन को लेकर कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किए जाने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस चौकन्ना थी. इस दौरान जैसे ही केन्द्रीय मंत्री का काफिला वहां पहुंचा. मौके पर कांग्रेस के झंडे लेकर खड़े वरिष्ठ नेता बृजेश पटेल सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने काफिले को रोका. केन्द्रीय मंत्री चौहान वाहन से नीचे उतरे और कांग्रेस नेताओं की बात सुनी. बृजेश पटेल ने डीजल व खाद की किल्लत के अलावा मूंग के भावों सहित अन्य मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए किसान हित में इन मांगों को पूरा करने की मांग की गई.

### नकबजन गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार



**सीहोर.** कोतवाली पुलिस ने नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए दो अंतरराज्यीय चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 3 लाख 36 हजार रुपए मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण एवं चोरी गया मोबाइल बरामद किया है. दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न जिलों में करीब 30-30 प्रकरण दर्ज हैं. पुलिस के अनुसार 14 अप्रैल को अनीता वर्मा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोर उनके घर का ताला तोड़कर जेवरात और नगदी ले गए हैं. कोतवाली पुलिस ने लगातार प्रयास कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया. पुलिस ने आरोपियों 19 ग्राम सोने के आभूषण,110 ग्राम चांदी के सिक्के तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया है. पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों में 24 वर्षीय अन्नू उर्फ अनिकेत मालवीय उर्फ अंकित निवासी विदिशा हाल निवासी भोपाल तथा 25 वर्षीय गोलू उर्फ उमेश अहिरवार निवासी विदिशा हाल निवासी पीथमपुर जिला धार शामिल हैं.

### शिवराज के बयान पर विक्रम का हमला

नवभारत न्यूज

**बुधनी 21 जून.** केंद्रीय कृषि मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बयान और सोशल मीडिया पर जारी वीडियो को लेकर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं.

विक्रम मस्ताल शर्मा ने कहा है कि कृषि मंत्री देश में मूंग और उड़द की खरीद की बात तो कर रहे हैं, लेकिन किसानों की समस्याओं पर कुछ नहीं कह रहे. मध्य प्रदेश वही राज्य है, जिसे कृषि क्षेत्र में उपलब्धियों के लिए केंद्र सरकार द्वारा सम्मानित किया जा चुका है. ऐसे में जब शिवराज सिंह स्वयं कृषि मंत्री हैं, तबकिसानों की समस्याओं पर उनकी चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो नेता कभी किसानों की आय दोगुनी और कई गुना बढ़ने के दावे करते थे, वे आज मूंग तुलाई, समर्थन मूल्य, खाद की उपलब्धता और किसानों की जमीनी समस्याओं पर मौन हैं. उन्होंने कहा कि किसान खाद के लिए परेशान हैं. विशेष रूप से पट्टाधारी किसानों के सामने खाद वितरण को लेकर असमंजस की स्थिति है. वहीं डीजल के लिए लंबी कतारें, गेहूं खरीदी और मूंग तुलाई में देरी से किसान परेशान हैं. मस्ताल ने सरकार से किसानों को समय पर खाद, पर्याप्त डीजल, फसलों का उचित मूल्य और सरल खरीदी व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की है.

# हत्या के आरोपियों को देख भड़के मृतक के परिजन

- ग्राम पचामा में चाकू मारकर की थी युवक की हत्या
- पुलिस ने महिला सहित तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सीहोर 21 जून.** गत दिवस ग्राम पचामा में बबलू मालवीय हत्याकांड में पुलिस ने आरोपियों धर्मेंद्र मालवीय, विद्या मालवीय और रितेश माली को दबोच लिया. आरोपियों की गिरफ्तारी की खबर फैलते ही मृतक के परिजन और ग्रामीण कोतवाली थाने पहुंच गए, जहां उन्होंने जमकर हंगामा मचाया.

जानकारी के अनुसार बबलू मालवीय की पत्नी विद्या कुछ दिन पहले बारवाखेड़ी निवासी प्रताप के साथ चली गई थीं. शनिवार को ग्राम थूना निवासी बबलू मालवीय अपनी पत्नी विद्या को बैंक से पैसे निकालने से रोकने पहुंचा था. इसी दौरान हुए विवाद में विद्या के साथ आए धर्मेंद्र मालवीय ने चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी थी. घटना के बाद आरोपी फरार हो गए थे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों को जब कोतवाली थाने लाया गया तो वहां मौजूद ग्रामीणों और परिजनों ने उन्हें घेर लिया. आक्रोशित लोगों ने आरोपियों के



खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनके साथ धक्का-मुक्की की स्थिति भी बन गई. पुलिस बल ने तत्काल हस्तक्षेप कर भीड़ को नियंत्रित किया और आरोपियों को सुरक्षित हवालात में पहुंचाया.

पुलिस ने हत्या सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है.

# देवीधाम के परिक्रमा मार्ग पर दिखी लग्जरी कार

- सलकनपुर में वीडियो वायरल होने से श्रद्धालुओं में आक्रोश
- मंदिर व्यवस्था व वीआईपी कल्चर पर उठे सवाल

नवभारत न्यूज

**रेहटी 21 जून.** प्रसिद्ध सिद्ध पीठ श्री विंध्यवासिनी बीजासन देवी धाम सलकनपुर से सामने आए एक वीडियो ने श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत कर दिया है. वीडियो में एक लग्जरी वाहन परिक्रमा मार्ग पर चलता दिखाई दे रहा है. इस दृश्य ने मंदिर व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं.

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि एक ओर हजारों श्रद्धालु भीषण गर्मी में नंगे पैर तपते पत्थरों पर चलकर मां की परिक्रमा पूरी कर रहे हैं. दोपहर की तेज धूप में गर्म फर्श और पत्थरों पर चलने से कई भक्तों के पैरों में छाले पड़ जाते हैं, लेकिन आस्था और श्रद्धा के कारण वे अपनी यात्रा जारी रखते हैं. दूसरी ओर रसूखदार लोगों को वाहन सहित परिक्रमा मार्ग तक पहुंचने की सुविधा मिलना आम



भक्तों के साथ भेदभाव की भावना को जन्म देता है. यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी परिक्रमा मार्ग पर वाहन पहुंचने का मामला सामने आ चुका है, जिस पर विवाद हुआ था और मंदिर प्रबंधन की आलोचना भी हुई थी.

श्रद्धालुओं ने मांग की है कि परिक्रमा मार्ग पर वाहन प्रवेश की अनुमति किस आधार पर दी गई, इसकी निष्पक्ष जांच हो तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए. मामले में एसडीओपी रवि शर्मा का कहना है कि परिक्रमा मार्ग में प्रवेश की अनुमति समिति द्वारा दी जाती है. पुलिस की इसमें कोई भूमिका नहीं है.वायरल वीडियो कब का है, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है.

### अधिक बिल आने से ग्रामीणों में आक्रोश

नवभारत न्यूज

**सीहोर 21 जून.** बिजली विभाग द्वारा जारी किए गए बढ़े हुए बिजली बिलों को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा. ग्राम बिजोरी के अनेक ग्रामीण सहायक यंत्री कार्यालय बिजोरी पहुंचे और प्रदर्शन करते हुए शिकायत दर्ज कराई. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नए स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद से उन्हें मनमाने और अत्यधिक राशि के बिजली बिल दिए जा रहे हैं.

ग्रामीणों का कहना है कि पहले उनके बिजली बिल 100 से 250 रुपये के बीच आते थे, जबकि इस बार 5 हजार रुपये से लेकर 30 हजार रुपये तक के बिल थमा दिए गए हैं. कई उपभोक्ताओं को 15 हजार, 25 हजार और 30 हजार रुपये तक के बिल प्राप्त हुए हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है. ग्रामीणों ने शिकायत सौंपते हुए बढ़े हुए बिजली बिलों की जांच, बिलों में संशोधन तथा क्षेत्र से स्मार्ट मीटर हटाने की मांग की है. साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे.

### सीहोर बाइज ने सीहोर रेड को हराया

**सीहोर.** जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में स्वर्गीय कैलाश सारंग की स्मृति में जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. रविवार को जूनियर वर्ग और सीनियर वर्ग के मध्य दो मैच खेले गए. जिसमें सीहोर बाइज ने सीहोर रेड को 1-0 से हराया. इधर जूनियर वर्ग के मुकाबले में सीहोर चिल्ड्रन टीम ने सीहोर ग्रीन को 3-0 से हराया.

# शहर के प्रत्येक वार्ड में हो रहे लाखों के विकास कार्य

- वार्ड क्रमांक 19 में 7 लाख की सड़क व नाली का लोकार्पण

नवभारत न्यूज

**सीहोर 21 जून. शहर में नगर पालिका परिषद के द्वारा विकास कार्य तेजी से किए जा रहा है. रविवार को वॉर्ड क्रमांक 19 में विकास कार्यों को गति देते हुए राकेश के घर से अक्षय के घर तक निर्मित सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा किया गया. 7 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस कार्य से क्षेत्रवासियों को आवागमन एवं जल निकासी की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी.**

इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा कि नपा ने करोड़ों रुपए के विकास कार्य हर वार्ड में बिना भेदभाव के किए है. कार्यक्रम में उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, नरेंद्र



राजपूत, कमलेश राठौर, सुश्री चिंचोले, अभय, संगीता राय, मनीष कुशवाहा, दिनेश शर्मा, मुकेश कालरा, ओमप्रकाश अग्रवाल, अमित जोशी, बाबूलाल जैन मौजूद रहे.

### वर्मा के पार्षद पद पर संकट गहराया

**सीहोर.** नपा के वार्ड 11 से निर्वाचित निर्दलीय पार्षद लोकेन्द्र चौहान के अजा (बेलदार) प्रमाण पत्र को राज्य स्तरीय हाई पावर छानबीन समिति द्वारा निरस्त किए जाने के बाद उनके पार्षद पद पर संकट गहरा गया है. मामले में याचिकाकर्ता कांग्रेस नेता नरेन्द्र खंगराले ने दावा किया है कि समिति ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं. नरेन्द्र खंगराले के अनुसार उन्होंने हाईकोर्ट में दायर याचिका के माध्यम से लोकेन्द्र चौहान के जाति प्रमाण पत्र को चुनौती दी थी. उनका आरोप था कि लोकेन्द्र चौहान मूल रूप से लुनिया पिछड़ा वर्ग समुदाय से संबंधित हैं, जबकि उन्होंने अनुसूचित जाति बेलदार का प्रमाण पत्र प्राप्त कर आरक्षित वार्ड से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की. खंगराले ने बताया कि सुनवाई के दौरान समिति ने लोकेन्द्र चौहान को वर्ष 1950 से पूर्व सीहोर में निवास संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कई अवसर दिए, लेकिन वे ऐसे प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सके. खंगराले के अनुसार, राज्य स्तरीय हाई पावर छानबीन समिति ने 12 जून 2026 को पारित अपने निर्णय में अजा (बेलदार) प्रमाण पत्र को निरस्त करते हुए उन्हें लुनिया पिछड़ा वर्ग का माना है.

योग कार्यक्रम | राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया सामूहिक योग

# योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर, जिसे दुनिया ने अपनाया

नवभारत न्यूज

**सीहोर 21 जून.** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आवासीय खेल परिसर में आयोजित जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा शामिल हुए और योग किया. इस दौरान कोलकाता से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया.

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी काया है और योग निरोगी काया का आधार है. योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया ने अपनाया है. नियमित योगाभ्यास से न केवल शरीर स्वस्थ एवं सुदृढ़ रहता है, बल्कि मानसिक तनाव भी दूर होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है. योग स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का सबसे सरल एवं प्रभावी माध्यम है.

राजस्व मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे विश्व में उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है. उन्होंने सभी नागरिकों से अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार और स्वस्थ समाज के निर्माण में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है. इस अवसर पर भाजपा



जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने भी संबोधित किया.

कार्यक्रम में कलेक्टर बालागुरू के, एसपी श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना, डीएफओ श्रीमती अर्चना पटेल, एसडीएम तन्मय वर्मा, नपा सीएमओ सुधीर सिंह, तहसीलदार अमित सिंह, जिला आयुष अधिकारी नरेन्द्र लोधी, डीईओ सावन पाटीदार, बीईओ दीपा कीर, प्राचार्य आलोक शर्मा, बीआरसीसी अशोक वर्मा, जिला क्रीड़ाधिकारी अताउल्लाह खान, जिला योग प्रभारी मनोज कुमार व्यास, अंकुर शर्मा, अंशुल शर्मा, आशीष शर्मा, पवन गोस्वामी, संजय सक्सेना एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र-छात्राऐं उपस्थित थे.